M.S. (Registration of Indian Fishing Boats) Rules, 1988.

EXTRACT FROM THE GAZETTE OF INDIA : PART II, SEC. 3 SUB. SEC. (i)

Appearing on Page No. 3277—3295

Dated 5-11-88

जल भूतल परिवहन मंत्रालय

MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT

(पोत परिवहन विभाग)

नई दिल्ली, 7 अक्तूबर, 1988

(वाणिज्य पोत परिवहन)

सा. का. नि. —865—केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 435घ और 435ड द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इससे उपाबद्ध सारणी के स्तंभ iii में विनिर्दिष्ट प्रत्येक पत्तन को मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं के रजिस्ट्री पत्तन या स्थान घोषित करती है और उक्त अनुसूची के स्तंभ 121 में की तत्समान प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट अधिकारियों को ऐसे पत्तनों या स्थानों के संबंध में मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं का रजिस्ट्रार नियुक्त करती है।

सारणी

पत्तन	अधिकारी
1	2
1. माण्डवी	उप कार्यपालक इंजीनियर और पत्तन अधिकारी, माण्डवी।
2. नवलखी	पत्तन अधिकारी, नवलखी
3. जाफराबाद	पत्तन अधिकारी, जाफराबाद
4 कांडला	उप संरक्षक, कांडला पत्तन, कांडला, गांधीधाम
5. ओखा	पत्तन अधिकारी, ओखा
6. पोरबन्दर	पत्तन अधिकारी, पोरबन्दर
7. वरावल	पत्तन अधिकारी, वरावल
8. भावनगर	पत्तन अधिकारी, भावनगर
9. महोबा	पत्तन अधिकारी, महोवा
10. मुम्बई	प्रधान अधिकारी, वाणिज्य समुद्री विभाग, मुम्बई।
11. रत्नागिरि	पत्तन अधिकारी, रत्नागिरि
12. मरमुगाव	इंजीनियर तथा पोत सर्वेक्षक, मरमुगाव
13. बांदरा	पत्तन अधिकारी, बादरा पत्तन समूह, बांदरा, बम्बई—400052
14. मोरा	पत्तन अधिकारी, बांदरा पत्तन समूह बांदरा, मुम्बई, 400052
15. राजपुरी	पत्तन अधिकारी, राजपुरी के पत्तन समूह, मुरुद, जनजीरा, जिला रायगढ़,
16. वेंगुर्ला	पत्तन अधिकारी, विजयदुर्गा, वेंगुर्ला पत्तन समूह वेंगुर्ला, जिला सिंधुदुर्गा।
17. कारबर	पत्तन अधिकारी, कारवर
18. होनावर	पत्तन अधिकारी, होनावर
19. कून्डापुर	पत्तन अधिकारी, कून्डापुर
20. मंगलौर	पत्तन अधिकारी, मंगलौर
21. मालवे	पत्तन अधिकारी, मालवे
22. कालीकाट	पत्तन अधिकारी, कालीकट
23. कोचीन	इंजीनियर तथा पोत सर्वेक्षक, वाणिज्य समुद्री विभाग, कोचीन
24. ऐलपे	पत्तन अधिकारी, ऐलपे
25. नीदाकरा	पत्तन अधिकारी, नीदाकरा
26. त्रिवेंद्रम	पत्तन निदेशक, त्रिवेंद्रम, केरल
27 मद्रास	मुख्य अधिकारी, वाणिज्य समुद्री विभाग मद्रास
28. क्यूडालौर	पत्तन अधिकारी, क्यूडालौर
29. नागापटनम	पत्तन अधिकारी, नागापटनम
30. पामबन	पत्तन सर्वेक्षक, पामबन
31. रामेश्वरम	पत्तन अधिकारी, राममेश्वरम
32. किलककाराय	पत्तन सर्वेक्षक, किलककाराय
33. टूटीकोरिन	इंजीनियर तथा पोत सर्वेक्षक, वाणिज्य समुद्री विभाग, टूटीकोरिन
34. कन्याकुमारी	पत्तन सर्वेक्षक, कन्याकुमारी
35. कोलाचल	पत्तन सर्वेक्षक, कोलाचल
36. मेचीलीपटनम	पत्तन अधिकारी, मेचीलीपटनम
37. काकीनाडा	राज्य पत्तन अधिकारी, काकीनाडा
38. विशाखापटनम	इंजीनियर तथा पोत सर्वेक्षक, वाणिज्य समुद्री, विभाग, विशाखापटनम
39. पेराद्वीप	उप सर्वेक्षक पेराद्वीप पत्तन ट्रस्ट, पेराद्वीप
40. कलकत्ता	मुख्य अधिकारी, वाणिज्य समुद्री विभाग, कलकत्ता।
41. राय चौक	पत्तन अधिकारी, राय चौक मिदनापुर, पश्चिम बंगाल ;
42. पोर्टब्लेयर	भारसाधक सर्वेक्षक, वाणिज्य समुद्री विभाग, कवरथी, पोर्टब्लेयर

[मिसिल सं. एस. डब्ल्यू 5/एम. एस आर (4)/36-एम ए)

2706 S&T/88—1

(Shipping Wing)

New Delhi, the 7th October, 1988

(Merchant Shipping)

G.S.R. 865.—In exercise of the powers conferred by section 435 D and 435 E of the Merchant Shipping Act, 1958 (44 of 1958), the Central Government hereby declares each of the ports specified in column (1) of the Table annexed hereto to be the ports of places of registry of Indian fishing boats and appoints the officers specified in the corresponding entry in column (2) of the said Schedule to be the registers of Indian fishing boats in relation to such ports or places.

TABLE

Ports	Officers
(1)	(2)
1. Mandvi	The Dy. Executive Engineer and Port Officer, Mandvi
2. Navlakhi	Port Officer, Navlakhi
3. Jafrabad	Port Officer, Jafrabad
4. Kandla	Dy. Conservator, Kandla Port, Kandla, Gandhidham
5. Okha	Port Officer, Okha
6. Porbander	Port Officer, Porbander
7. Veraval	Port Officer, Veraval
8. Bhavnagar	Port Officer, Bhavnagar
9. Mahuva	Port Officer, Mahuva
10. Bombay	Principal Officer, Mercantile Mari Department, Bombay
11. Ratnagiri	Port Officer, Ratnagiri
12. Marmugao	Engineer & Ship Surveyor, Marmugao
13. Bandra	Port Officer, Bandra Group of Ports, Bandra, Bombay 400052.
14. Mora	Port Officer, Bandra Group of Ports, Bandra, Bombay 400052.
15. Rajpuri	Port Officer, Rajpuri Group of Ports, Marud, Janjira, Dist. Raigad
16. Vengurla	Port Officer, Vijaydurga, Vengurla Group of Ports, Vengurla, Dist. Sindhudurga
17. Karwar	Port Officer, Karwar
18. Honawar	Port Officer, Honawar
19. Coondapur	Port Officer, Coondapur
20. Mangalore	Port Officer, Mangalore
21. Malpe	Port Officer, Malpe
22. Calicut	Port Officer, Calicut
23. Cochin	Engineer & Ship Surveyor, Mercantile Marine Department, Cochin
24. Alleppey	Port Officer, Alleppey
25. Neendakara	Port Officer, Neendakara
26. Trivandrum	Director of Ports, Trivandrum, Kerala
27. Madras	Principal Officer, Mercantile Marine Department, Madras.
28. Cuddalore	Port Officer, Cuddalore
29. Nagapattinam	Port Officer, Nagapattinam
30. Pamban	Port Conservator, Pamban
31. Rameswaram	Port Officer, Rameswaram.
32. Kilakkarai	Port Conservator, Kilakkarai
33. Tuticorin	Engineer & Ship Surveyor, Mercantile Marine Department, Tuticorin
34. Kanniyakumari	Port Conservator, Kanniyakumari
35. Colachel	Port Conservator, Colachel
36. Machilipatnam	Port Officer, Machilipatnam
37. Kakinada	State Port Officer, Kakinada
38. Visakhapatnam	Engineer & Ship Surveyor, Mercantile Marine Department, Visakhapatnam
39. Paradeep	Dy. Conservator, Paradeep port Trust, Paradeep
40. Calcutta	Principal Officer, Mercantile Marine Department, Calcutta
41. Roy Chowk	Port Officer, Roy Chowk, Midnapur, West Bengal
42. Port Blair	Surveyor-in-charge, Mercantile Marine Department, Kaviathi, Port Blair.

[File No. SW/5-MSR(4)/86 MA]

सा. का. नि. 866—केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 435 क की उपधारा (2) के खण्ड (क) खण्ड (ख), खण्ड (ग) और खण्ड (ट) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वाणिज्य पोत परिवहन (मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं का रजिस्ट्रीकरण) नियम, 1988 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं

इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) अभिप्रेत है।

(ख) "केन्द्रीय रजिस्टर" से पोत परिवहन महानिदेशक द्वारा बनाए रखा गया मछली पकड़ने वाली नौकाओं का रजिस्टर अभिप्रेत है।

(ग) "प्रमाणपत्र" से अधिनियम की धारा 435 ख के अधीन दिया गया रजिस्ट्री प्रमाणपत्र अभिप्रेत है;

(घ) "प्ररूप" से अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट प्ररूप अभिप्रेत है;

(ङ) "रजिस्ट्री पत्तन" से मछली पकड़ने वाली नौका के संबंध में अधिनियम की धारा 435घ के अधीन अधिसूचित पत्तन अभिप्रेत है।

(च) "रजिस्ट्रार" से अधिनियम की धारा 435ङ. के अधीन नियुक्त मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं का रजिस्ट्रार अभिप्रेत है।

(छ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है;

(ज) "टनभार" से किसी जलयान के संबंध में वाणिज्य पोत परिवहन (पोत टन भार माप मान) नियम 1987 के अधीन यथा अवधारित टन भार और अधिनियम की धारा 435 ख के खण्ड (ग) के अंतर्गत आने वाले चलत जलयान या किसी नौका या क्राफट के संबंध में वाणिज्य पोत परिवहन (चलते जलयान, टन भार मापमान) नियम, 1960 के अधीन यथा अवधारित टन भार अभिप्रेत है।

मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं का रजिस्ट्रीकरण

3. रजिस्ट्री के प्रमाणपत्र के लिए आवेदन---

(1) अधिनियम की धारा 435 ख के अधीन मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका की रजिस्ट्री का प्रमाणपत्र दिए जाने के लिए प्रत्येक आवेदन उस स्थान के जहां स्वामी निवास करता है या, जहां मछली पकड़ने वाली नौका का निर्माण किया जाता है या आस्थान है, निकटस्थ रजिस्ट्री पत्तन के रजिस्ट्रार को प्ररूप 1 में किया जाएगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नलिखित होगा :---

(क) यथा स्थिति, प्ररूप 2 या प्ररूप 3 में आवेदक द्वारा स्वामित्व की घोषणा;

(ख) मछली पकड़ने वाली नौका की हक दस्तावेजें;

(ग) निर्माणकर्ता का प्रमाणपत्र।

4. मछली पकड़ने वाली नौका का नाम---

(1) रजिस्ट्री के प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करते समय स्वामी उस नाम का विनिर्दिष्ट करेगा जिसे वह मछली पकड़ने वाली नौका के लिए अपनाने की प्रस्थापना करता है।

(2) यदि स्वामी द्वारा प्रस्थापित नाम उस नाम जैसा ही है या उसके समान है जिसके द्वारा कोई अन्य मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका रजिस्ट्री के पत्तन पर पहले ही रजिस्ट्रीकृत हो चुकी है, तो रजिस्ट्रार स्वामी से कोई ऐसा अन्य नाम सुझाने की अपेक्षा कर सकेगा जिसके अधीन मछली पकड़ने वाली नौका रजिस्टर की जाएगी।

(3) जब स्वामी द्वारा सुझाए गए नाम का रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदन कर दिया गया हो तो मछली पकड़ने वाली नौका को उस नाम के अधीन रजिस्ट्रीकृत कर लिया जाएगा।

5. शासकीय संख्या

(1) नियम 3 के अधीन आवेदन की संवीक्षा पर यदि रजिस्ट्रार का आवेदक की राष्ट्रीयता और मछली पकड़ने वाली नौका के उसके हक के बारे में समाधान हो जाता है तो वह प्रत्येक रजिस्ट्री पत्तन पर रखी गई क्रमवार श्रेणियों से मछली पकड़ने वाली नौका को शासकीय संख्यांक समनुदेशित करेगा जिसके पूर्व अधिनियम की धारा 345 घ और 435-ङ. के अधीन अधिसूचित रजिस्ट्री पत्तन को उपदर्शित करने वाले तीन सुभेदक अक्षर होंगे।

(2) मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका को एक बार समनुदेशित शासकीय संख्यांक में तब के सिवाए कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा जब मछली पकड़ने वाली नौका को अन्य रजिस्ट्री पत्तन पर रजिस्ट्रार किया गया हो और न ही शासकीय संख्यांक किसी अन्य जलयान को पुनः समनुदेशित किया जाएगा।

6. मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका के टन-भार का अभिनिश्चय करने की रीति :

(1) मछली पकड़ने वाले जलयान का प्रत्येक स्वामी उसके टन भार का अभिनिश्चय वाणिज्य पोत परिवहन (पोत टन-भार मापमान) नियम, 1987 के अनुसार करवाएगा :

(2) अधिनियम की धारा 435-ख के खण्ड (ख) के अन्तर्गत आने वाले किसी चलत जलयान या नौका या क्राफ्ट का प्रत्येक स्वामी उसके टन भार का अभिनिश्चय वाणिज्य पोत परिवहन (चलत जलयान टन-भार मापमान) नियम 1960 के अनुसार करवाएगा।

7. रजिस्ट्री प्रमाण पत्र :

(1) रजिस्ट्रार, मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका का टन-भार अभिनिश्चय कर लिए जाने के पश्चात् अधिनियम की धारा 435-छ की उपधारा (3) में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों को अपने द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्ररूप 4 में रखे गए रजिस्टर में दर्ज करेगा और एक रजिस्ट्री प्रमाणपत्र दे देगा।

(2) अधिनियम की धारा 435-छ की उपधारा (4) के अधीन दिया गया प्रत्येक रजिस्ट्री प्रमाणपत्र प्ररूप 5 में होगा :

(3) रजिस्ट्री प्रमाणपत्र, रजिस्ट्रार, सीमाशुल्क या वाणिज्यिक समुद्री विभाग के किसी अधिकारी द्वारा मांग की जाने पर, स्वामी, स्कीपर या टिंडल या मछली पकड़ने वाली नौका के भारसाधक किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

8. मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर नाम और शासकीय संख्यांक आदि पेन्ट करने की रीति :

(1) रजिस्ट्री पत्तन, मछली पकड़ने वाली नौका को वह नाम जिस से वह रजिस्ट्रीकृत की गई है और नियम 5 के अधीन उसको समनुदेशित शासकीय संख्यांक उपदर्शित करने वाले सुभेदक अक्षर दबुसा के निकट मछली पकड़ने वाली नौका के दोनों हिस्सों पर काली पृष्ठभूमि देकर सफेद तेल रंग में प्रादेशिक भाषा में और हिंदी वर्णमाला में अंग्रेजी में पेन्ट किए जाएंगे।

(2) पेन्ट किए गए सभी अक्षर और अंक ऐसे आकार के होंगे जो रजिस्ट्रार प्रत्येक मामले में अवधारित करे किन्तु ऊंचाई में एक डेसिमीटर और चौड़ाई में 2 सेंटीमीटर से कम नहीं होंगे।

(3) इस नियम में निर्दिष्ट अक्षर और अंक मछली पकड़ने वाली नौका से सम्बद्ध डिंगियों पर भी पेन्ट किए जाएंगे।

9. नाम का परिवर्तन :

(1) मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका के नाम में जिसके अधीन वह रजिस्ट्रीकृत की गई है, ऐसी रजिस्ट्री के पश्चात्, कोई परिवर्तन या तबदीली रजिस्ट्रार के अनुमोदन के बिना नहीं की जाएगी।

(2) मछली पकड़ने वाली ऐसी नौका के नाम के परिवर्तन के लिए प्रत्येक आवेदन मछली पकड़ने वाली नौका के रजिस्ट्री पत्तन के रजिस्ट्रार को किया जाएगा और उसमें प्रस्थापित परिवर्तन के कारण विनिर्दिष्ट किए जाएंगे।

(3) यदि रजिस्ट्रार का समाधान हो जाता है कि प्रस्थापित परिवर्तन उचित और आवश्यक है तो वह ऐसे परिवर्तन का अनुमोदन कर देगा ;

(4) जहां मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका का नाम जो बंधकित है, परिवर्तित किया जाना हो वहां बंधकदार की सम्मति भी ऐसे प्रस्थापित परिवर्तन के लिए अभिप्राप्त की जाएगी ।

(5) वह नया नाम जो रजिस्ट्रार द्वारा अनुमोदित किया गया है, उस मछली पकड़ने वाली नौका के रजिस्ट्री के प्रमाण पत्र में रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और तदनुसार नियम 8 के अनुसार मछली पकड़ने वाली नौका पर पेंट किया जाएगा ।

10. परिवर्तन की रजिस्ट्री :

(1) मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका की रजिस्ट्री के परिवर्तन के लिए आवेदन ऐसे परिवर्तन के एक मास के भीतर उस पत्तन के रजिस्ट्रार को जहां मछली पकड़ने वाली नौका रजिस्ट्रीकृत है, प्ररूप 6 में किया जाएगा ।

(2) जहां परिवर्तनों का मछली पकड़ने वाली नौका के आकार या टन भार पर तात्विक रूप से प्रभाव नहीं पड़ता है वहां रजिस्ट्रार परिवर्तनों को रजिस्टर में और मछली पकड़ने वाली नौका के रजिस्ट्री के प्रमाणपत्र में भी दर्ज करेगा ।

(3) जहां परिवर्तनों से मछली पकड़ने वाली नौका के आकार या टन भार पर तात्विक रूप से प्रभाव पड़ता हो वहां रजिस्ट्रार मछली पकड़ने वाली नौका को नए तौर पर रजिस्टर करेगा ।

11. रजिस्ट्री का अंतरण :

(1) यदि मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका में हित रखने वाले सभी व्यक्ति चाहे स्वामी के रूप में या बंधक के रूप में, यह वांछा करते हैं कि मछली पकड़ने वाली नौका की रजिस्ट्री एक पत्तन से दूसरे पत्तन को अंतरित कर दी जाए, तो वे ऐसे अंतरण के लिए रजिस्ट्री के पत्तन के रजिस्ट्रार को प्ररूप 7 में आवेदन कर सकेंगे ।

(2) यदि रजिस्ट्री पत्तन के रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि प्रस्थापित अंतरण अनापत्तिजनक है तो वह मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका और उस पर विलंगमों, यदि कोई हों, की विशिष्टियों को आशयित रजिस्ट्री पत्तन के रजिस्ट्रार को भिजवाएगा ।

(3) आशयित रजिस्ट्री पत्तन पर रजिस्ट्रार, अपना यह समाधान करने के पश्चात् कि पत्तन के सुभेदक अक्षरों सहित नया शासकीय संख्यांक नियम 8 के उपबंधों के अनुसार मछली पकड़ने वाली नौका पर सम्यक् रूप से चिन्हांकित कर दिया गया है, एक नया रजिस्ट्री प्रमाणपत्र जारी करेगा और मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका को समनुदेशित शासकीय संख्यांक और उसकी रजिस्ट्री की तारीख को मूल पत्तन के रजिस्ट्रार को संसूचित करेगा ।

12. रजिस्ट्री का बंद किया जाना :

(1) जहां मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका की रजिस्ट्री नियम 11 के अधीन अन्तरित की जाती है वहां मूल रजिस्ट्री पत्तन का रजिस्ट्रार अपने रजिस्टर में मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका की रजिस्ट्री को बंद कर देगा ।

(2) जहां किसी पत्तन पर मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका की रजिस्ट्री अधिनियम की धारा 435-त के अधीन या उप नियम-3 के अधीन बंद कर दी जाती है वहां पत्तन का रजिस्ट्रार उस मछली पकड़ने वाली नौका की, जिसकी रजिस्ट्री बन्द कर दी गई है, विशिष्टियों के विवरण को और उन परिस्थितियों को जिसमें रजिस्ट्री बंद कर दी गई है पोत परिवहन महानिदेशक को तुरंत प्रस्तुत करेगा ।

13. मछली पकड़ने वाली नौका या उसमें के हित का अंतरण :

(1) मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका का स्वामी, या संयुक्त स्वामित्व की दशा में सभी स्वामी जो ऐसी मछली पकड़ने वाली नौका को या उसमें के किसी हित को अन्तरित करना चाहते हैं, ऐसा करने की अनुज्ञा के लिए रजिस्ट्री पत्तन के रजिस्ट्रार को आवेदन करेंगे ।

(2) रजिस्ट्रार, ऐसी जांच जो वह आवश्यक समझे करने के पश्चात् आवेदन को उस पर अपनी सिफारिशों सहित, अनुमोदनार्थ पोत परिवहन महानिदेशक को अग्रेषित करेगा ।

(3) यदि प्रस्थापित अंतरण का अनुमोदन कर दिया जाता है और विक्रय हो जाने के पश्चात् अंतरित पत्तन के रजिस्ट्रार को मछली पकड़ने वाली नौका के स्वामित्व की एक घोषणा अंतरण की लिखित और रजिस्ट्री के विद्यमान प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करेगा और तदुपरि रजिस्ट्रार अपने रजिस्टर में अंतरण की विशिष्टियों को दर्ज करेगा और एक नया रजिस्ट्री प्रमाणपत्र जारी करेगा ।

14. मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका का बंधक :

(1) मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका या उसमें के किसी हित के बंधक को प्रत्येक लिखित यथास्थिति, प्ररूप 8 या प्ररूप 9 में होगी ।

(2) रजिस्ट्रार अपना यह समाधान करने के पश्चात कि बंधक की लिखत उचित रूप से निष्पादित की गई हैं, उसे तारीख और स्वीकार किए जाने के घंटों सहित अपने रजिस्टर में अभिलिखित करेगा और उस आशय का एक पृष्ठांकन बंधक लिखित पर भी करेगा ।

(3) जहां मछली पकड़ने वाली एक ही नौका के संबंध में दो या अधिक बंधक है वहा उनकी संबंधित पूर्विकताएं कार्यक्रमानुसार अक्षर क, ख, ग, द्वारा समुचित स्तंभ में रजिस्टर में उपदर्शित को जाएगी ।

(4) जहां किसी कम्पनी या किसी सहकारी सोसाइटी की मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका को संबंधित किया जाता है वहा रजिस्ट्रार बंधक को तब तक रजिस्टर नहीं करेगा जब तक वह यथास्थिति, कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 134 के अधीन कम्पनी रजिस्ट्रार के यहा या सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1912 (1912 का 2) के अधीन या किसी राज्य में तत्समय प्रवृत्त सहकारी सोसाइटियों से संबंधित किसी अन्य विधि के अधीन सहकारी सोसाईटियों के रजिस्ट्रार के यहां रजिस्ट्रीकृत न कर लिया गया हो ।

(5) जहां बंधक ऋण पूर्ण रूप से उन्मोचित हो चुका है वहां रजिस्ट्रार, अपना यह समाधान करने के पश्चात कि बंधक लिखत पर पृष्ठांकित रसीद ठीक है और वह समुचित रूप से साक्षियत है और, जहां बंधक किसी कम्पनी या सहकारी सोसाईटी द्वारा किया गया है वहां पुष्टि का एक ज्ञापन, यथास्थिति कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 138 के अधीन या सहकारी सोसाईटी अधिनियम, 1912 के अधीन परिवर्तन के रजिस्टर में दर्ज किया गया है तो वह बंधक के उन्मोचन से संबंधित रजिस्टर में प्रविष्टि करेगा ।

(6) बंधक ऋण की किसी किस्त का कोई संदाय रजिस्टर में अभिलिखित नहीं किया जाएगा ।

15. विधि के प्रवर्तन द्वारा स्वामित्व का अंतरण :

(1) जहां मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका का हक विधि के प्रवर्तन द्वारा किसी व्यक्ति पर न्यागत हो जाता है वहां ऐसा व्यक्ति उन परिस्थितियों को जिन में उसने मछली पकड़ने वाली नौका का हक अर्जित किया है विनिर्देश करते हुए और ऐसे अर्जन का साक्ष्य भी देते हुए रजिस्ट्रार को आवेदन करेगा ।

(2) यदि रजिस्ट्रार का ऐसी जांच जो वह ठीक समझे, करने के पश्चात आवेदक के दावे के बारे में समाधान हो जाता है तो वह स्वामित्व के परिवर्तन की विशिष्टियों को अपने रजिस्टर में दर्ज करेगा और मछली पकड़ने वाली नौका के रजिस्ट्री प्रमाणपत्र में उन विशिष्टियों को भी पृष्ठांकित करेगा।

16. अवयस्कों के स्वामित्वाधीन मछली पकड़ने वाली नौकाएं :

(1) जहां मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका किसी अवयस्क के संरक्षण के रूप में किसी व्यक्ति के नाम में रजिस्ट्रीकृत हो वहां मछली पकड़ने वाली नौका का स्वामित्व अवयस्क के पास रहेगा और वयस्कता प्राप्त करने पर वे मछली पकड़ने वाली नौका से संबंधित रजिस्टर में विशिष्टियों के परिवर्तन के लिए रजिस्ट्रार को आवेदन कर सकेगा।

(2) रजिस्ट्रार तब आवेदक के नाम में नया प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(3) उप नियम (2) के अधीन रजिस्ट्री का प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कोई फीस प्रभारित नहीं की जाएगी।

17. अनन्तिम रजिस्ट्री प्रमाणपत्र :

(1) जहां मछली पकड़ने वाली भारतीय नौका की रजिस्ट्री के लिए या पुन: नए सिरे से रजिस्ट्री के लिए कोई आवेदन रजिस्ट्रार के समक्ष लंबित है और रजिस्ट्रार की, मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, राय है कि मछली पकड़ने वाली नौका को रजिस्ट्री प्रमाणपत्र के जारी किए जाने तक पत्तन पर निरुद्ध न किया जाए तो वह प्ररूप 10 में अनन्तिम रजिस्ट्री प्रमाणपत्र जारी कर सकेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन जारी किया गया प्रत्येक अनन्तिम प्रमाणपत्र मछली पकड़ने वाली नौका की और मछली पकड़ने वाली नौका के स्वामी और स्कीपर या टिंडल या उसके भारसाधक किसी अन्य व्यक्ति की विशिष्टियों को अथवा नए सिरे से रजिस्ट्री की दशा में, मूल रजिस्ट्री प्रमाणपत्र में दर्ज की गई विशिष्टियों को विनिर्दिष्ट करेगा।

(3) अंतिम प्रमाणपत्र तीन मास से अनधिक ऐसी अवधि के लिए जो उसमें विनिर्दिष्ट की जाए विधिमान्य होगा।

परन्तु यदि रजिस्ट्रार का समाधान हो जाता है कि मामले की परिस्थितियों में ऐसा करना आवश्यक है तो वह अनन्तिम प्रमाणपत्र की विधिमान्यता की अवधि को दो मास से अनधिक की और अवधि के लिए बढ़ा सकेगा।

(4) अनन्तिम प्रमाणपत्र उसकी वैधता की अवधि की समाप्ति पर या एक नियमित रजिस्ट्री प्रमाणपत्र जारी किए जाने के समय पर इन दोनों में से जो भी पूर्वतर हो, रजिस्ट्रार को अभ्यर्पित कर दिया जाएगा।

18. प्रमाणपत्रों की दूसरी प्रतियों का जारी किया जाना :

(1) यदि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि मूल प्रमाणपत्र नष्ट हो गया है, खो गया है, गुम हो गया है, विकृत या विरूपित हो गया है तो वह स्वामी द्वारा इस निमित्त किए गए आवेदन पर, रजिस्ट्री प्रमाणपत्र को दूसरी प्रति जारी करेगा जिस पर "द्वितीय प्रति" लाल स्याही में लिखा होगा।

(2) रजिस्ट्री प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ उन परिस्थितियों की बाबत जिनमें मूल प्रमाणपत्र नष्ट हो गया था, खो गया था, गुम हो गया था, विकृत या विरूपित हो गया था एक घोषणा होगी।

(3) जहां रजिस्ट्री प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति इस आधार पर, अभिप्राप्त की गई है कि मूल प्रति खो गई है या गुम हो गई है, और तत्पश्चात ऐसी मूल प्रति स्वामी को मिल जाती है या प्राप्त हो जाती है तो वह मूल प्रमाणपत्र तुरंत रजिस्ट्रार को अभ्यर्पित करेगा जो उसे खारिज कर देगा।

(4) रजिस्ट्री प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति इस आधार पर मंजूर नहीं की जाएगी कि मूल प्रति विकृत या विरूपित हो गई है जब तक कि विकृत या विरूपित प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार को अभ्यर्पित न कर दिया जाए।

19. केन्द्रीय रजिस्टर :

(1) पोत परिवहन महानिदेशक केन्द्रीय रजिस्टर बनाए रखेगा जिसमें रजिस्ट्रार द्वारा रखे गए रजिस्टर में अभिलिखित सभी प्रविष्टियां समाविष्ट होंगी।

(2) पत्तन पर मछली पकड़ने वाली नौका की रजिस्ट्री के पूरा हो जाने पर पत्तन का रजिस्ट्रार मछली पकड़ने वाली नौका से संबंधित अपने रजिस्टर में की प्रविष्टियों की एक प्रति तुरन्त उक्त महानिदेशक को भेजेगा।

(2) रजिस्टर में बाद में अभिलिखित किए गए प्रत्येक अन्य संव्यवहारों की विशिष्टियों को भी तुरन्त उक्त महानिदेशक को रिपोर्ट किया जाएगा।

20. रजिस्टर का निरीक्षण और प्रविष्टियों की प्रतियों का प्रदाय :

(1) रजिस्ट्रार द्वारा बनाए रखा गया रजिस्टर इस निमित्त किए गए आवेदन पर और अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट फीस के संदाय पर, किसी भी व्यक्ति द्वारा कार्यालय घंटों के दौरान निरीक्षण के लिए खुला रहेगा।

(2) रजिस्टर में की किसी प्रविष्टि की प्रमाणित प्रति इस निमित्त किए गए आवेदन पर और अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट फीस के संदाय पर रजिस्ट्रार द्वारा किसी व्यक्ति को दी जा सकेगी।

21. स्वामित्व की घोषणा :

इन नियमों के अधीन स्वामित्व की प्रत्येक घोषणा रजिस्ट्रार, जस्टिस आफ दि, प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट, मामलातदार या शपथ आयुक्त के समक्ष की जाएगी।

22. फीस :

इन नियमों के अधीन फीस अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट दरों पर और प्रयोजनों के लिए उद्ग्रहीत की जाएगी और संव्यवहार अभिलिखित करने के लिए आवेदन के साथ रजिस्ट्रार को संदत्त की जाएगी।

23. विद्यमान मछली पकड़ने वाली नौकाओं की विशिष्टियों का दर्ज किया जाना :

(1) ऐसी प्रत्येक मछली पकड़ने वाली नौका का स्वामी जो इन नियमों के प्रारंभ के पूर्व रजिस्ट्रीकृत थी ऐसे प्रारंभ के तीन मास की अवधि के भीतर सुसंगत रजिस्ट्री प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगा :

परन्तु पोत परिवहन महानिदेशक पर्याप्त कारणों से उक्त अवधि को छह मास तक बढ़ा सकेगा।

(2) रजिस्ट्रार अपने रजिस्टर में मछली पकड़ने वाली नौका की और मछली पकड़ने वाली नौका के या उसमें के किसी हित के बरादेय बंधक की विशिष्टियों को अपने रजिस्टर में दर्ज करेगा और मछली पकड़ने वाली नौका को एक नया शासकीय संख्यांक भी समनुदेशित करेगा।

(3) उप नियम (2) के अधीन समनुदेशित शासकीय संख्यांक उस संख्यांक, यदि कोई हो, के स्थान पर जो उस पर पहले से ही पेंट किया गया हो, नियम 8 में विनिर्दिष्ट रीति से पेंट किया जाएगा।

अनुसूची 1

एफ बी प्ररूप 1

भारत सरकार द्वारा
जारी किया गया ।

मछली पकड़ने वाली नौका की रजिस्ट्री के लिए आवेदन
[नियम 3 (1)]

मछली पकड़ने वाली नौका का रजिस्ट्रार,
श्रीमान जी,------------------------पत्तन

मैं/हम---का---
जो---से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका का स्वामी हूं/हैं, यह प्रार्थना करता हूं/करते हैं कि उक्त मछली पकड़ने वाली नौका को मेरे/हमारे नाम में रजिस्टर किया और रजिस्ट्री प्रमाणपत्र मुझे/हमें जारी किया जाए ।

2. उक्त मछली पकड़ने वाली नौका के संबंध में विशिष्टियां निम्न प्रकार हैं :--

(1) स्वामी का नाम और पूरा पता --

(2) उपजीविका --

(3) कब से, कब और किस प्रकार मछली पकड़ने वाली नौका अर्जित की गई थी ----------------------

(4) निर्माण के स्थान और वर्ष (निर्माणकर्ता का नाम और पता, यदि ज्ञात हो) ----------------------

(5) मछली पकड़ने वाली नौका की किस्म क्या वह खुली हुई/अर्द्ध डैककी हुई/डैक की हुई/सहायक इंजन से युक्त है --

(6) विनिर्माता के नाम सहित उस इंजन का वर्णन और किस्म, अश्व शक्ति और पूर्णतः भारित दशा में गति --

(7) रजिस्ट्री पत्तन और शासकीय सं. यदि पहले रजिस्ट्रीकृत हों --

(8) क्या मछली पकड़ने वाली नौका का कोई पूर्व बंधक है यदि हां तो उसकी विशिष्टियां

3. निम्नलिखित दस्तावेजें इसके साथ संलग्न हैं :--

(क) स्वामित्व की घोषणा

(ख) निर्माणकर्ता का प्रमाणपत्र (नए जलयानों के रजिस्ट्रीकरण की बाबत)

या

विक्रयाधिकार यदि क्रय किया गया हो ।

4. मैं/हम यह प्रार्थना करता हूं/करते हैं कि मछली पकड़ने वाली जलयान के लिए नाम का निम्नलिखित में से अनुमोदन किया जाए :

1
2
3

} इनमें से केवल एक का अनुमोदन किया जाए ।

स्थान--------------------

तारीख--------------------

स्वामी के हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे
का निशान ।

एफ बी प्ररूप 2

स्वामित्व की घोषणा

[व्यष्टियों/संयुक्त स्वामियों/भागीदारी फर्म द्वारा]

[नियम 3(2) देखिए]

मैं/हम, अधोहस्ताक्षरी, यह घोषित करता हूं/करते हैं कि मैं/हम भारत का नागरिक हूं/हैं,-------------------------- --में स्थाई रूप से निवास करता हूं/करते हैं और मेरा/हमारा कारवार का मुख्य स्थान-----------------------------------में है और यह कि-----------------------से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका जिसकी विशिष्टियां नीचे दी गई हैं,------------------वर्ष में निर्मित की गई थी और मेरे/हमारे द्वारा-------------------रु. में क्रय की गई थी, मेरे/हमारे द्वारा सारवान रूप से परिवर्तित और पुनः निर्मित की गई थी और जिसे-----------------------------से मैंने/हमने विरसात में प्राप्त किया था जिसका नाम उक्त मछली पकड़ने वाली नौका के स्वामी के रूप में रजिस्टर में दिया गया है, और उसकी तारीख-------------को------------ बजे मृत्यु हो गई थी और यह कि मैं/हम उक्त मछली पकड़ने वाली नौका का एकमात्र स्वामी हूं/है और यह कि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों का उस संपत्ति में या उस पर कोई विधिक या हिताधिकारी हित, अधिकार, हक, संपत्ति शेयर नहीं है । और मैं/हम यह घोषणा सही मानते हुए सत्यनिष्ठापूर्वक करता हूं/करते हैं ।

मछली पकड़ने वाली नौका की विशिष्टियां

शासकीय सं., तारीख और रजिस्ट्री का पत्तन--------------------------------रजिस्ट्रीकृत आकार--------------------------------
लम्बाई------------------------------------चौड़ाई--------------------------------गहराई--------------------------------

सकल टनभार------------------------------------ रजिस्टर टन भार ------------------------------------
घन मीटर ------------------------------------ घन मीटर ------------------------------------

हस्ताक्षर

मेरे समक्ष तारीख------------------------198 को घोषित किया गया ।

कार्यालय की मुहर

हस्ताक्षर और पदाभिधान

एफ बी प्ररूप 3

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया ।
स्वामित्व की घोषणा
(कंपनी द्वारा)
[नियम 3 (2) देखिए]

मैं अधोहस्ताक्षरी, जो--------------------------------में स्थाई रूप से निवास करता हूं और ------------------कंपनी लिमिटेड का सम्यक् रूप से प्राधिकृत अभिकर्ता/सम्यक् रूप से नियुक्त अटर्नी होने के नाते, निम्न प्रकार घोषित करता हूं :--

उक्त कंपनी, कंपनी अधिनियम, 1956 के अधीन----------------------को रजिस्टर की गई थी और उसके कारवार का मुख्य स्थान--------------- में है जहां सभी महत्वपूर्ण कारबार का नियंत्रण और प्रबंध किया जाता है। उक्त कंपनी वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 की धारा 21 के खंड (ख) की अपेक्षाओं को पूरा करती है और----------------------------के नाम से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका की जिसकी विशिष्टियां नीचे दी गई हैं, एकमात्र स्वामी हैं। उक्त मछली पकड़ने वाली नौका-----------------------में वर्ष---------------------में निर्मित की गई थी और उक्त कंपनी द्वारा-------------------रु. में क्रय की गई थी तथा उसमें उक्त कंपनी द्वारा मुख्य परिवर्तन किए गए थे और वह पुनः निर्मित की गई थी ।

मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार, किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों का उक्त मछली पकड़ने वाली नौका में कोई विधिक या हिताधिकारी हित, अधिकार, हक, संपत्ति का शेयर नहीं है और मैं यह घोषणा उसे सही मानते हुए सत्यनिष्ठापूर्वक करता हूं ।

मछली पकड़ने वाली नौका की विशिष्टियां

शासकीय सं., तारीख और रजिस्ट्री का पत्तन--------------------------------रजिस्ट्री का आकार--------------------------------
लंबाई------------------------------------चौड़ाई--------------------------------गहराई--------------------------------

सकल टनभार——————————— रजिस्ट्री टनभार ———————————
घन मीटर——————:—————— घन मीटर ———————————

मेरे समक्ष आज तारीख———————————198 को घोषित किया गया।

कंपनी लिमिटेड/ के लिए उस की ओर से———————————

हस्ताक्षर——————————

कार्यालय की मुहर

पदाभिधान ——————————

एफ बी प्ररूप 4

मछली पकड़ने वाली नौकाओं का रजिस्टर

[नियम 7 (1) देखिए]

शासकीय सं.——————————
रजिस्ट्री की
तारीख और पत्तन ——————————

मछली पकड़ने वाली नौका का नाम——————————

स्वामी(यों) की विशिष्टियां

स्वामी(यों) का/के नाम	स्थाई निवास या कारबार का मुख्य स्थान	उपजीविका	प्रत्येक द्वारा धारित शेयर

मछली पकड़ने वाली नौका का वर्णन :

(क) किस्म, क्या वह खुली हुई, डैक की हुई, या अर्द्ध डैक की गई है।
(ख) आकार और सामग्री
(ग) हल——क्या, लकड़ी, इस्पात या संयुक्त है
(घ) निर्माण का स्थान और वर्ष
(ङ) निर्माणकर्ता का नाम और पता
(च) मैस्ट सं.
(छ) बल्कहैड सं.
(ज) होल्ड सं.
(झ) रिग्ड

टनभार का आकार और विशिष्टियां :

रजिस्ट्रीकृत आकार

(क) लम्बाई :
(ख) चौड़ाई
(ग) गहराई

सकल टनभार
घनमीटर
रजिस्ट्री टनभार
घनमीटर

सहायक इंजन(नों), (यदि कोई हो) की विशिष्टियां :

(क) किस्म, मेक, इंजन(नों) का नाम
(ख) निर्माण का वर्ष
(ग) विनिर्माता का नाम और पता
(घ) सिलेंडर की सं. और आकार
(ङ) स्ट्रोक की लम्बाई
(च) ब्रेक अश्वशक्ति
(छ) आर पी. एम.
(ज) गति
(i) पूर्ण रूप से भारित
(ii) हल्की दशा

कर्मीदल की विशिष्टियां :

उचित मौसम — खराब मौसम

(क) कर्मी दल
(ख) इंजिन कर्मीदल

मछली पकड़नक वाली नौका का रजिट्रार

भारत सरकार द्वारा
जारी किया गया।

एफ बी प्ररूप-5

मछली पकड़ने वाली नौका का
रजिस्ट्री का प्रमाणपत्र
[देखिए नियम 7(2)]

यह प्रमाणित किया जाता है कि----------------------------ने जो------------------------का है: यह घोषणा की है कि------------- का एकमात्र स्वामी है या हैं जो---------------------------के नाम से ज्ञात है और यह कि उक्त ----------------------------------जिसकी पहचान विशिष्टियां--नीचे उपाबद्ध हैं, वर्ष-----------------में--------------------- निर्मित की गई थी। उक्त का--------------------------------------का वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) के अधीन-------------------------------------के पत्तन पर सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत है।
आज तारीख-------------------------------------दिन--19--------------
को मेरे हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित किया गया।

मछली पकड़ने वाली नौका की विशिष्टियां

शासकीय सं. -- रजिस्ट्री पत्तन --

रजिस्ट्रीकृत आकार ------------------------------------

लम्बाई---

चौड़ाई --

गहराई---

सकल टन भार --- घन मीटर --

मछली पकड़ने वाली नौका के पत्तन का रजिस्ट्रार

टिप्पण:

(1) प्रमाणपत्र किसी प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा मांग किए जाने पर निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
(2) जब प्रमाणपत्र प्रवृत्त हो तब मछली पकड़ने वाली नौका का नाम और अन्य चिह्नांकन नहीं हटाया जाना चाहिए।
(3) यदि जलयान गुम हो जाए, टूट जाए या सेवा के लिए उपयुक्त न रहे, तब यह प्रमाणपत्र मछली पकड़ने वाली नौका के रजिस्ट्री पत्तन पर रजिट्रार को अभ्यर्पित किया जाना चाहिए।

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया।

एफ बी प्ररूप 6

परिवर्तनों के लिए रजिस्ट्री के लिए आवेदन [नियम 10(1) देखिए]

सेवा में,
मछली पकड़ने वाली नौका के रजिस्ट्रार
....................पत्तन।

श्रीमानजी,

मैं/हम, अधोहस्ताक्षरी ....जो..............................के नाम से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका का, जिसका शासकीय संख्यांक..............है, स्वामी होने के नाते यह रिपोर्ट करता हूं/करते हैं कि तारीख............को मछली पकड़ने वाली नौका में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं। अतः मैं/हम यह प्रार्थना करता हूं/करते हैं कि इन परिवर्तनों को कृपया रजिस्टर कर लिया जाए और एक नया रजिस्ट्री प्रमाणपत्र विहित फीस के संदाय पर जारी किया जाए।

मछली पकड़ने वाली नौका का विद्यमान रजिस्ट्री प्रमाणपत्र इसके साथ वापस लौटाया जाता है।

स्वामी (यों) के हस्ताक्षर

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया।

एफ बी प्ररूप 7

रजिस्ट्री के पत्तन के अंतरण के लिए आवेदन [नियम II(II) देखिए]

सेवा में,
मछली पकड़ने वाली नौका का रजिस्ट्रार,
....................पत्तन।

श्रीमानजी,

मैं/हम..अधोहस्ताक्षरी..............................जो..............................के नाम से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका का, जिसका शासकीय संख्यांक..................जो आपके पत्तन पर रजिस्ट्रीकृत है, स्वामी होने के नाते यह प्रार्थना करता हूं/करते है कि उक्त मछली पकड़ने वाली नौका की रजिस्ट्री निम्नलिखित कारणों से..................पत्तन को अंतरित कर दी जाए।

*2. उक्त मछली पकड़ने वाली नौका·························के पक्ष में बंधकित की गई जैसा कि आपके द्वारा बनाए गए रखे गए रजिस्टर से सत्यापित होगा और बंधकदारों को प्रस्थापित अंतरण के लिए कोई आपत्ति नहीं है। इस संबंध में, उसके/उनके तारीख··················के पत्र जिसमें························पर रजिस्ट्री पत्तन के अंतरण की सहमति व्यक्त की गई है आपके अभिलेख के लिए मूल रूप में संलग्न किया जाता है।

भवदीय,

---

*जो लागू न हो उसको काट दें।

एफ बी प्ररूप 8

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया।

बंधक की लिखत

(व्यष्टियों/संयुक्त स्वामियों/भागीदारी फर्मों द्वारा निष्पादित किए जाने के लिए)

[नियम 14(1) देखिए]

मैं/हम, अधोहस्ताक्षरी·························आज रुपए की धनराशि के प्रतिफलस्वरूप जो························द्वारा मुझे/हमें उधार दिए गए हैं जिसका स्थाई निवास/मेरा/हमारा कारबार का स्थान.······················में है, अपनी/हमारी ओर से और मेरे/हमारे वारिस, निष्पादक या प्रशासक उक्त··················के साथ यह प्रसंविदा करता हूं/करते हैं कि प्रथमतः मैं/हम और/या मेरे/हमारे वारिस, निष्पादक या प्रशासक उक्त·····················को तारीख··················को प्रति वर्ष················.प्रतिशत की दर पर······················रु. को राशि का उस पर ब्याज सहित संदाय करूंगा/करेंगे और द्वितीयतः, यदि उक्त मूल धनराशि का उक्त दिन को संदाय नहीं किया जाता है तो मैं/हम या मेरे/हमारे वारिस निष्पादक या प्रशासक, ऐसे समय के दौरान जिसके दौरान वह धन राशि या उसका कोई भाग असंदत्त रह जाता है, उक्त················को पूर्ण धनराशि या उसके ऐसे भाग पर जो तत्समय असंदत्त रहे, प्रति वर्ष············के·········में दिन

और.····················के··········में दिन समान अर्द्धवार्षिक संदायों द्वारा प्रति वर्ष··················प्रतिशत की दर पर संदाय करूंगा/करेंगे और यह कि उक्त मूल राशि और उस पर ब्याज के पूर्वोक्त रीति में पुनः संदाय को उक्त·············को भलीभांति सुनिश्चित करने के लिए मैं/हम उक्त··················को······················के नाम से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका को जिसका शासकीय सं.......है और जिसका रजिस्ट्री पत्तन·····················में है, उसकी सभी नौकाओं, अनुलग्नकों आदि सहित उक्त················को बंधक करता हूं/करते हैं। अंततः, मैं/हम अपनी/हमारी ओर से मेरे/हमारे वारिसों निष्पादकों या प्रशासकों की ओर से उक्त........................के और उसके/उनके अभ्यर्थकों के साथ यह प्रसंविदा करता हूं/करते हैं कि मुझे/हमें उक्त मछली पकड़ने वाली नौका को पूर्वोक्त रीति में बंधक करने की शक्ति प्राप्त है और उसको छोड़ कर जो उक्त जलयान के रजिस्टर से प्रकट हो विलंगमों से मुक्त है।

ऊपर नामित व्यक्ति द्वारा मेरी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

हस्ताक्षर

हस्ताक्षर························

पदाभिधान························

कार्यालय की मुहर··················

आज तारीख··················को लिखित प्रतिभूति के उन्मोचन में··················रु. को राशि प्राप्त की।

मेरी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

हस्ताक्षर.······················

बंधकदार (रों) के हस्ताक्षर

पदाभिधान······················

कार्यालय की मुहर

एफ बी प्ररूप 9

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया।

बंधक की लिखत

(कंपनी या निगमित निकाय द्वारा निष्पादित किए जाने के लिए)

[नियम 14(1) देखिए]

हम,························.कंपनी लि. जिसका कारबार का स्थान··················.में है··················रुपए की धनराशि के प्रतिफलस्वरूप जो आज··················.द्वारा मुझे/हमें उधार दिए गए हैं, जिसका स्थाई निवास/कारबार का स्थान··········में है, अपनी/अपने उत्तराधिकारियों की ओर से उक्त·············और उसके/उनके अभ्यर्थकों के साथ प्रसंविदा करते हैं कि प्रथमतः हम/हमारे उत्तराधिकारी उक्त················या उसके द्वारा या उनके अभ्यर्थकों को 198 के···········वें दिन को प्रति वर्ष··············प्रतिशत की दर पर··················.रु. की राशि का उस पर ब्याज सहित संदाय करेंगे और द्वितीयतः यदि उक्त मूल धनराशि का उक्त दिन को संदाय नहीं किया जाता है तो मैं/या हमारे उत्तराधिकारी, ऐसे समय के दौरान जिसके दौरान उक्त धनराशि या उसका कोई भाग असंदत्त रह जाता है, उक्त...को पूर्ण धनराशि या उसके ऐसे भाग पर जो तत्समय असंदत्त रहता है, हर वर्ष में··········के··········वें दिन और·······के·······वें दिन समान अर्द्धवार्षिक संदायों द्वारा प्रति वर्ष···········प्रतिशत की दर पर संदाय करूंगा/करेंगे और यह कि उक्त·············को मूल राशि और उस पर ब्याज के पूर्वोक्त रीति में पुनः संदाय को भलीभांति सुनिश्चित करने के लिए मैं/हम···················के नाम से ज्ञात मछली पकड़ने वाली नौका को, जिसका शासकीय सं················है और जिसका रजिस्ट्री पत्तन·············में है, सभी नौकाओं, अनुलग्नकों आदि सहित उक्त·····को बंधक करता हूं/करते हैं। अंततः हम अपनी/अपने उत्तराधिकारियों, की ओर से उक्त··················और उसके/उनके अभ्यर्थकों के साथ यह

प्रसंविदा करते हैं कि हमें उक्त जलयान को उसकी सभी नौकाओं और अनुलग्नकों सहित बंधक करने की शक्ति प्राप्त है और उक्त जलयान उसको छोड़कर जो उक्त जलयान के रजिस्टर से प्रकट हों, विलंगमों से मुक्त है।

इसके साक्ष्य स्वरूप आज तारीख .... को हमने अपने नाम के हस्ताक्षर कर दिए हैं और सामान्य मुद्रा लगा दी है ?

हस्ताक्षर
.... कंपनी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से।

ऊपर नामित व्यक्ति द्वारा
मेरी उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

कंपनी की मुहर

हस्ताक्षर

पदाभिधान

कार्यालय की मोहर

एफ वी प्ररूप 10

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया।

अन्तिम रजिस्ट्री प्रमाणपत्र

[नियम 17(1) देखिए]

यह प्रमाणित किया जाता है कि मछली पकड़ने वाली नौका .... शासकीय संख्यांक .... जिसका टन भार ...... और जो कि रजिस्ट्री प्रमाणपत्र जारी किया जाना लम्बित रहने के दौरान चलाई जाने के लिए अनुज्ञात की जाती है।

यह अनन्तिम प्रमाणपत्र 3 मास की अवधि के लिए या मछली पकड़ने वाली नौका को रजिस्ट्री प्रमाणपत्र दिए जाने तक इन दोनों में से जो भी पूर्वतर हो, प्रवृत्त होगा।

.... पत्तन

तारीख ....

मछली पकड़ने वाली नौका का रजिस्ट्रार

[नियम 20 और 22 देखिए]

		रु.
(1)	प्रारंभिक रजिस्ट्री के लिए 7 टन सकल भार तक मछली पकड़ने वाली नौका	2.00
	7 टन सकल भार से अधिक किन्तु 25 टन सकल भार से अनधिक मछली पकड़ने वाली नौका	14.00
	25 टन सकल भार किन्तु 50 टन सकल भार से अनधिक मछली पकड़ने वाली नौका	20.00
